

लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

**लोक सभा अध्यक्ष ने कनाडा में रह रहे भारतीय मूल के लोगों से नए भारत के निर्माण में भागीदार बनने का आग्रह किया**

**टोरंटो, 12 जनवरी 2019** : टोरंटो में भारतीय समुदाय द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में अपने विचार व्यक्त करते हुए लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने व्यापार, उद्योग और सेवा के विभिन्न क्षेत्रों के साथ ही राजनीतिक क्षेत्र में न केवल प्रांतीय सरकारों में बल्कि कनाडा की केंद्रीय सरकार में भी अमूल्य योगदान देने के लिए कनाडा में रह रहे भारतीय मूल के लोगों की भूमिका की सराहना की । उन्होने यह भी कहा कि भारतीय मूल के लोग भारतीय संस्कृति के दूत के रूप में भारत की मिट्टी से जुड़े हुए हैं ।

यह टिप्पणी करते हुए कि भारत विश्व में तेजी से अपनी एक नई पहचान बना रहा है, श्री बिरला ने कनाडा में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों से प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नए भारत के निर्माण के सपने को साकार करने में भागीदार बनने का आग्रह किया । उन्होने अप्रवासी भारतीयों से अनुरोध किया कि वे भारत में महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निवेश करके भारत और कनाडा के संबंधों को मजबूत बनाने में सकारात्मक योगदान दें । उन्होने देश में वैश्विक निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने और व्यापार की सुगमता सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए गए अनेक कदमों का उल्लेख भी किया ।

इससे पहले कनाडा इंडिया फ़ाउंडेशन द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री बिरला ने कहा कि विश्व के विभिन्न भागों में बसे भारतीय मूल के लोग 'लघु भारत' की याद दिलाते हैं और स्वदेश का गौरव बढ़ाते हैं । उन्होने विभिन्न भारतीय धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सवों का आयोजन करके कनाडा में भी भारतीय संस्कृति और परम्पराओं को जीवित रखने के भारतीय समुदाय के प्रयासों की सराहना की । श्री बिरला ने उनसे ऐसे तौर-तरीकों का पता लगाने का आग्रह किया जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के साथ ही सामाजिक सेवाओं में और अधिक निवेश हो और वे अपनी मातृभूमि भारत को अपनी अमूल्य सेवाएँ प्रदान कर सकें । उन्होने इस बात पर बल दिया कि इससे निस्संदेह भारत को एक मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने में बहुत मदद मिलेगी । श्री बिरला ने यह भी कहा कि भारत सरकार कराधान प्रणाली में पारदर्शित सुनिश्चित करने और शासन में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए अथक प्रयास कर रही है ।

दिन में, श्री बिरला के नेतृत्व में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल के सदस्यों ने कनाडा की संसद के सदस्यों और ओंटारियो की प्रांतीय संसद के सदस्यों से भी भेंट की। शिष्टमंडल ने कनाडा के सदस्यों के साथ संसदीय अनुभवों का आदान-प्रदान किया और नियमित बैठकों के द्वारा दोनों देशों के सांसदों के बीच और घनिष्ठता बढ़ाने का संकल्प किया।

**LOK SABHA SPEAKER EXHORTS INDIAN COMMUNITY OF CANADA TO BECOME PARTNERS IN THE MAKING OF THE 'NEW INDIA'**

**Toronto, 12 January 2019**: Speaking at a Reception hosted by the Indian community in Toronto, Lok Sabha Speaker Shri Om Birla lauded the role of the Indian Diaspora in Canada in rendering valuable contribution in varied areas of business, industry, services sector and in the political sphere, not only in the Provincial Governments but also in the Union Government of Canada. He noted that the Indian Diaspora as 'ambassadors of Indian Culture has remained connected with the soil of India.

Observing that India is fast establishing a new identity globally, Shri Birla exhorted the members of the Indian community of Canada to become partners in the making of the 'New India' as cherished by Prime Minister Shri Narendra Modi. He urged NRIs to contribute constructively towards strengthening Indo-Canadian relationship by investing strategically in India. He also referred to several steps being taken by Government of India towards ease of business and in creating a congenial atmosphere for global investments in the country.

Earlier, speaking at a Reception hosted by Canada India Foundation, Shri Birla said that the People of Indian Origin living in different parts of the world provide a nostalgic feeling of existence of a 'mini India' and give great pride to their country of origin. He appreciated the efforts of the Indian community towards keeping alive the vibrant Indian cultures and traditions in Canada by celebrating various Indian religious and cultural festivals. Shri Birla urged them to explore ways and means by which they can facilitate more investment in the different sectors of the Indian economy and also in the social services and thereby render valuable service to their motherland India. He emphasized that this would undoubtedly help to transform India into one of the vibrant economies. Shri Birla further said that the Indian Government has worked relentlessly towards elimination of corruption in governance and also to ensure transparency in its taxation mechanism.

During the day, the Indian Parliamentary delegation led by Shri Birla also met the Members of the Parliament of Canada and the Members of the Provincial Parliament of Ontario. The Delegation shared valuable parliamentary experiences with their Canadian counterparts and resolved to take further the engagement between the parliamentarians of the two nations by facilitating regular interactions.